**Regarding alleged irregularities in implementation of Pradhan Mantri Awas Yojana-Laid**

श्री राजा राम सिंह **(**काराकाट**) :** प्रधानमंत्री आवास योजना केंद्र सरकार की एक प्रमुख योजना है, लेकिन इसका कार्यान्वयन खराब निर्माण, अनियमितता और कागजों पर पूर्ण पर धरातल से गायब घरों जैसी अनियमितताओं से जूझ रहा है । उत्तर प्रदेश पर हालिया सीएजी (CAG) रिपोर्ट ने बुनियादी सुविधाओं के अभाव और अस्तित्वहीन घरों का खुलासा कर सरकारी दावों की पोल खोल दी है । बिहार में बड़ी संख्या में लाभार्थियों को देखते हुए, मैं मंत्री जी से निम्नलिखित विवरण की मांग करता हूँ: क्या पिछले 5 वर्षों में बिहार में PMAY के तहत कोई ऑडिट या निरीक्षण हुआ है? पिछले 5 वर्षों में बिहार से भ्रष्टाचार और फंड न मिलने की कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं? कितने घर पूर्ण घोषित होने के बावजूद दोषपूर्ण या अस्तित्वहीन पाए गए? फंड के विचलन (diversion) या साइबर धोखाधड़ी के कितने मामले सामने आए और उन पर क्या कार्रवाई हुई? राज्य में जियो-टैगिंग, सोशल ऑडिट और लाभार्थी सत्यापन की वर्तमान स्थिति क्या है?